दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड

Delhi Urban Shelter Improvement Board

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

राजीव आवास योजना के अन्तर्गत नगर स्तर तकनीकी प्रकोष्ठ हेतु विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

नीचे वर्णित विशेषज्ञों हेतु प्रत्येक श्रेणी के सामने दर्शायी गई तिथि व समय पर साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। पद राजीव आवास योजना, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के संदर्भ में 'दिल्ली की स्लम मुक्त नगर योजना तैयार करने' के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु अनुबन्ध आधार पर हैं।

श्रेणी	योग्यता एवं अनुभव	साक्षात्कार का समय
एमआईएस विशेषज्ञ	कम्प्यूटर साईस/इलैक्ट्रॉनिक्स में बी.ई./बी.टेक.। सूचना प्रौद्योगिकी में एमसीए/पीजीडीसीए; कम्प्यूटर साईस में एमएससी। सरकारी/अर्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित निजी कम्पनी में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।	3 मई, 2013 प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
परियोजना अभियांत्रिकी विशेषज्ञ	वरीयतः जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी में विशेषज्ञता सहित सिविल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री। इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों के प्रापण, डिजाईन तथा पर्यवेक्षण में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।	3 मई, 2013 दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
जीआईएस विशेषज्ञ	तीन वर्ष के कार्य अनुभव सहित शहरी योजना, अभियांत्रिकी, भूगोल, कम्प्यूटर साईस अथवा अन्य सम्बन्धित विषयों में मास्टर डिग्री।	4 मई, 2013 प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
शहरी/नगर योजना विशेषज्ञ	शहरी योजना में विशेषज्ञता सहित योजना तथा वास्तुकला में मास्टर डिग्री। शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के अनुभव सहित शहरी योजना में न्यूनतम आठ वर्ष का अनुभव।	4 मई, 2013 दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
सामाजिक विकास विशेषज्ञ	सामाजिक विज्ञान/एमएसडब्ल्यू/समाज शास्त्र अथवा सम्बन्धित क्षेत्र में मास्टर डिग्री। सामाजिक तथा सामुदायिक विकास में न्यूनतम तीन वर्ष का कार्य अनुभव।	5 मई, 2013 प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण संयोजक	विकास क्षेत्रों, वरीयतः शहरी विकास में कार्य करने के व्यावहारिक अनुभव सहित शहरी योजना एवं प्रबन्धन, सामाजिक विज्ञानों में मास्टर अथवा डॉक्टरल डिग्री। शहरी क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।	5 मई, 2013 दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

कार्य के विवरण सहित विस्तृत योग्यताएँ एवं सम्बन्धित कार्य अनुभव हमारी वेबसाइट **http://delhishelter.nic.in** पर उपलब्ध है। वेतन : योग्यता एवं अनुभव के आधार पर रु. 75,000/- प्रतिमाह से अधिक नहीं।

इच्छुक अभ्यर्थी डीयूएसआईबी की उपरोक्त वेबसाइट देख सकते हैं तथा सम्बद्ध प्रारूप को साक्षात्कार की तिथि से दो दिन पूर्व तक भर सकते हैं; तथा सीवी एवं प्रशस्तिपत्रों सहित विकास भवन-II, सिविल लाइंस, दिल्ली स्थित दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड में कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

परियोजना निदेशक (रे एण्ड मॉनिटरिंग)
दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड